इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
MINISTRY OF ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY

Digital India
Power To Empower

एनआईसी
NIC
National Informatics Centre

# अन्तर्राष्ट्रीय राजभाषा शिखर सम्मेलन, ओड़िशा 2026




21 August 2026

# अन्तर्राष्ट्रीय राजभाषा शिखर सम्मेलन, ओड़िशा 2026

दिनांक 21 अगस्त 2026 को भुवनेश्वर के आईएमएमटी(IMMT) में "अन्तर्राष्ट्रीय राजभाषा शिखर सम्मेलन, 2026" का आयोजन किया गया । इस सम्मेलन का उद्देश्य राजभाषा हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार, उसके प्रभावी प्रयोग तथा प्रशासनिक एवं तकनीकी क्षेत्रों में हिंदी के बढ़ते महत्व को रेखाकित करना रहा। इस भव्य आयोजन में राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति सम्पन्न हिन्दी के विद्वान उपस्थित थे। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल डॉ हरी बाबू कंभमपति महोदय की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके मार्गदर्शन एवं संबोधन से उपस्थित प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी के प्रति नई प्रेरणा और उत्साह प्राप्त हुआ।

सम्मेलन में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) के उपमहानिदेशक महोदय डॉ अशोक कुमार होता ने अपनी टीम के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया। NIC की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल शासन के क्षेत्र में भी राजभाषा हिंदी के प्रयोग और विकास की व्यापक संभावनाएँ हैं। कार्यक्रम के दौरान राजभाषा के महत्व, तकनीकी क्षेत्र में हिंदी के उपयोग तथा सरकारी कार्यों में हिंदी को और अधिक प्रभावी एवं सहज बनाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों की सहभागिता ने सम्मेलन को ज्ञानवर्धक और सार्थक बनाया।

समग्र रूप से, अन्तर्राष्ट्रीय राजभाषा शिखर सम्मेलन, ओड़िशा 2026 हिंदी भाषा के संवर्धन, संरक्षण और तकनीकी युग में उसके व्यापक उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया। यह आयोजन राजभाषा हिंदी को प्रशासन से आगे भाषा प्रौद्योगिकी, ज्ञान-विज्ञान के नवाचार और जनसंचार के विभिन्न क्षेत्रों में और अधिक सशक्त बनाने तथा विश्व स्तर पर हिन्दी के स्वर्णिम भविष्य के संकल्प को मजबूत करता है।














nicmeity

NICMeity

@NICIndia

https://odisha.nic.in

National Informatics Centre, Meity

/National Informatics Centre

National Informatics Centre, Odisha State Centre
Unit-IV, Sachivalaya Marg, Bhubaneswar-751001
Tel:+91-674-2508438, E-Mail : sio-ori@nic.in

एनआईसी
National Informatics Centre

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
Ministry of Electronics and Information Technology